भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2004
गुरुवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक)

एनसीएस पोर्टल

2004 श्री लहर सिंह सिरोया:
श्री मिथलेश कुमार:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नौकरी ढूंढने वालो के लिए राष्ट्रीय आजीविका सेवा पोर्टल पर क्या-क्या सेवाएं प्रदान की जाती हैं;

(ख) एनसीएस पोर्टल पर कितने नियोक्ता पंजीकृत हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान एनसीएस पोर्टल (एनसीएसपी) पर वर्ष-वार कितने व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (घ) श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, एक डिजिटल पोर्टल के माध्यम से नौकरी खोजना और मिलान, करियर परामर्श, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार योग्यता मूल्यांकन, रोजगार वृद्धि प्रशिक्षण आदि जैसी विभिन्न रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय रोजगार सेवा के परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक, एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत नियोक्ताओं की संख्या 30.18 लाख है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान एनसीएस पोर्टल (एनसीएसपी) पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	**पंजीकृत रोजगार चाहने वाले**
2019-2020	31,39,837
2020-2021	29,89,047
2021-2022	66,80,835
2022-2023	56,14,340
2023-2024	93,57,836

******